प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रश्नकाल

प्रदेश के कई विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों की दैनिक हाजिरी बायोमेट्रिक मशीन या ऑनलाइन माध्यम से दर्ज नहीं हो रही है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधायक लोकेंद्र कुमार के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। सरकार के अनुसार इसके पीछे फील्ड कर्मचारियों की ड्यूटी का स्वरूप, दुर्गम क्षेत्रों में इंटरनेट व नेटवर्क की कमी, बिजली की समस्या और कई कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन उपलब्ध नहीं होना प्रमुख कारण हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 18 विभागों के तहत आने वाले बोर्डों, निगमों के कार्यालयों और संस्थानों में कर्मचारियों की दैनिक हाजिरी बायोमेट्रिक या ऑनलाइन माध्यम से नहीं लग रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न विभागों में फील्ड कर्मचारियों के सामने अलग–अलग तरह की दिक्कतें हैं। ऐसे में कई जगह फील्ड में तैनात कर्मचारी के लिए कार्यालय पहुंचकर बायोमेट्रिक हाजिरी लगाना व्यवहारिक नहीं है। दुर्गम क्षेत्रों में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने, कनेक्टिविटी की कमी तथा तकनीकी समस्याओं के कारण भी ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं हो पाती।

हंगामा

इस बीच प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान बेरोजगारी और आउटसोर्स भर्तियों के मुद्दे पर पक्ष व विपक्ष के बीच तनातनी देखने को मिली। विपक्ष की ओर से उठाए गए सवाल पर मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से बाहर आकर सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर युवाओं के साथ ठगी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार का करीब चार साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, लेकिन युवाओं को अब तक  रोजगार नहीं मिला। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हर साल एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन सरकार शुरू से अंत तक झूठ बोलती रही।

इस दौरान पूर्व मंत्री व विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि उन्होंने प्रदेश में आउटसोर्स पर हो रही भर्ती को लेकर सदन में सवाल पूछा था, लेकिन सदन के भीतर उनकी आवाज को दबाया गया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार ने भाजपा कार्यकाल के कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए व्हाइट पेपर कमेटी बनाई है। यह कमेटी जांच के बाद सामने आए तथ्यों को जनता के समक्ष रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सदन में बिना मुद्दे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान रोजगार पर करीब आधे घंटे तक चर्चा हुई, लेकिन इसके बाद भाजपा विधायक दल ने वॉकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को सवाल पूछने का पूरा मौका दिया था और चर्चा भी कराई गई। इसके बावजूद अतिरिक्त सवाल पूछने की जिद करना और फिर सदन से बाहर चले जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

सोमेन देबनाथ

एक सौ 91 देशों, सात महाद्वीपों की दो लाख किलोमीटर की साइकिल यात्रा करने वाले वैश्विक साईकिल यात्री सोमेन देबनाथ ने शिमला में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। सोमेन देबनाथ पश्चिम बंगाल के सुंदरबन के निवासी हैं और वे पिछले करीब 22 वर्षों से साईकिल के माध्यम से दुनिया के विभिन्न देशों की यात्रा कर रहे हैं। इस दौरान सोमेन देबनाथ ने विधानसभा अध्यक्ष को विभिन्न देशों में मिले अनुभवों, लोगों की जीवन शैली और भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रति विदेशी नागरिकों की रूचि के बारे में भी अवगत करवाया। इस बीच सोमेन देबनाथ ने आज आकाशवाणी शिमला के कार्यक्रम प्रमुख अनिल वर्मा और प्रादेशिक समाचार एकांश प्रमुख रितेश कपूर से भी भेंट की और साईकिल यात्रा के दौरान विभिन्न देशों के अपने भ्रमण के अनुभव साझा किए। सोमेन देबनाथ ने युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण व स्वस्थ्य रहने के लिए साईकिल यात्रा करने का संदेश दिया।

-------------